आइआइएम रांची में शुरू होगा पांच वर्षीय इंटीग्रेटेड कोर्स

रांची : आइआइएम रांची में इंटीग्रेटेड मैनेजमेंट कोर्स इसी सत्र से शुरू होगी। इस पाठ्यक्रम में विद्यार्थियों को मास्टर आफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन की डिग्री प्रदान की जाएगी। कार्यक्रम में प्रवेश सैट परीक्षा के अंकों, पर्सनल एबिलिटी टेस्ट, साक्षात्कार और माध्यमिक और उच्च माध्यमिक स्तरों पर समग्र शैक्षणिक प्रदर्शन के आधार पर होगा। नामांकन के दौरान छात्र से 14 लाख रुपये और 2 वर्षीय एमबीए के पाठ्यक्रम के समानांतर शुल्क लिया जाएगा। (जासं)

Dainik Jagran, 19.01.2021, Pg. 04